
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 272 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...** दुश्मन से कैसे निपटें



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 5 फरवरी 2022



मौसम अधिकतम 14.0° न्यूनतम 5.0° | 40243.39 | 2 अमेरिका ने आईएसआईएस चीफ को मारा | 7 अंडर–19 वर्ल्ड कप के फाइनल में इंडिया

# भाजपा, कांग्रेस के आगे सभी बेदम

## खर्च में भी छोटे दलों और निर्दलों से आगे निकल गए भाजपा, कांग्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। विधान सभा चुनाव में जनपद की दस विधानसभा सीटों में बड़ी संख्या में छोटे दल और निर्दल मैदान में उतरे हैं। लेकिन इस बार छोटे दल और निर्दल प्रचार के साथ ही खर्च में बड़े दलों भाजपा और कांग्रेस के बेदम नजर आ रहे हैं। अब तक जनपद के छह विधानसभा सीटों के प्रत्याशियों के चुनावी खर्च की समीक्षा के दौरान यह तस्वीर सामने आई है।

भाजपा, कांग्रेस के प्रत्याशियों का प्रचार–प्रसार धरातल पर तो दिख ही रहा है, खर्च में भी वह छोटे दलों और निर्दलों से काफी आगे निकल गए हैं। हालांकि दस मार्च को चुनावी नतीजों से तस्वीर साफ हो ही जाएगी कि किसमें कितना दम है, लेकिन फिलहाल भाजपा, कांग्रेस के आगे सभी बेदम नजर आ रहे हैं। मतदान की तारीख नजदीक आते ही जनपद के दस विधानसभा क्षेत्रों में मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने अपना पूरा दमखम लगाना शुरू कर दिया है। दस विधानसभा सीटों के लिए इस बार 144 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया था। जिसमें तीन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र निरस्त हो गए थे। बाकी बचे 141 प्रत्याशियों में से 24 प्रत्याशियों द्वारा नाम नाम वापसी के दिन अपना नामांकन वापस ले लिया। नाम वापसी के बाद दस विस सभा सीटों के लिए 117 सूरमा मैदान डटे हुए हैं। जिममें चकराता विस में दस, विकासनगर में दस, सहसपुर में 11, धर्मपुर में 19, रायपुर में 15, राजपुर में नौ, देहरादून कैंट में 12, मसूरी में सात, डोईवाला से 12 व ऋषिकेश से भी 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

धरातल पर देखा जाए तो 117 प्रत्याशियों में से भाजपा, कांग्रेस,आप व उक्रांद का दमखम ही धरातल पर दिख रहा है। बाकी दलों व निर्दलों को न तो धरातल पर प्रचार–प्रसार दिख रहा है, साथ ही खर्च के मामले में भी छोटे दल और निर्दल इन दलों के आगे बेदम नजर आ रहे हैं। इसकी तस्दीक प्रत्याशियों के चुनावी खर्चे की समीक्षा बाद की जा सकती है।

गौरतलब है कि रायपुर से गुरुवार को 12 प्रत्याशियों ने अपने खर्च का ब्योरा निर्वाचन आयोग की टीम के सामने रखा जबकि धर्मपुर सीट पर 16 प्रत्याशियों ने अपने खर्च का ब्योरा रखा।




### चुनाव व्यय की अभी तक की जांच शुरू

दस विधानसभा सीटों में से अभी तक निर्वाचन आयोग छह सीटों सहसपुर, धर्मपुर, मसूरी, रायपुर, राजपुर व कैंट विधानसभा के प्रत्याशियों के चुनाव व्यय की अभी तक जांच शुरू कर चुका है। खर्च के मामले में भी भाजपा और कांग्रेस ही आगे दिख रही है। खर्च के मामले में कहीं इन्हें टक्कर दे रहे हैं तो वह है आम आदमी पार्टी व उक्रांद। अन्य दल और निर्दल फिलहाल इन दोनों मामलों में इन दलों के आगे बेदम नजर आ रहे हैं।

### खर्च के मामले में रायपुर विस सीट से भाजपा के उमेश तो धर्मपुर सीट से कांग्रेस के दिनेश आगे

रायपुर विधानसभा सीट और धर्मपुर विधानसभा सीट के प्रत्याशियों के खर्च की जांच की गई। इस जांच से पता चला है कि खर्च के मामले में रायपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी उमेश शर्मा 'काऊ' सबसे आगे हैं तो धर्मपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस के दिनेश अग्रवाल आगे चल रहे हैं। उमेश शर्मा अब तक 7 लाख 66 हजार 564 खर्च कर चुके हैं, जबकि धर्मपुर में दिनेश अग्रवाल 7 लाख 43 हजार 644 रुपये अब तक खर्च कर चुके हैं। रायपुर में कांग्रेस के हीरा सिंह बिष्ट दूसरे तो धर्मपुर में भाजपा के विनोद चमोली खर्च के मामले में दूसरे नंबर पर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया के लिए सख्त नियम बनाने को तैयार केंद्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश की केंद्र सरकार सोशल मीडिया पर लगाम लगाने की तैयारी में हैं। इस प्लेटफार्म का धड़ल्ले से दुरुपयोग को देखते हुए सख्त नियम बनाने की बात कही जा रही है। शुक्रवार को राज्यसभा के बजट सत्र में बोलते हुए इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सदन के सदस्यों से सोशल मीडिया पर सख्त नियम बनाने के लिए सहमति मांगी।

### मुख्यमंत्री थोपा तो लोग विकल्प अपना लेंगेः सिद्धू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अमृतसर। छह फरवरी को राहुल गांधी की लुधियाना रैली और पंजाब में कांग्रेस के सीएम फेस की संभावित घोषणा से पहले नवजोत सिंह सिद्धू ने एक बार फिर हाईकमान को परोक्ष रूप से चेताया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में यदि मुख्यमंत्री थोपा गया तो लोग मौजूद विकल्प (आप) को अपना लेंगे।

# विधानसभा चुनाव के बाद एमएसपी पर कमेटी का गठन करेगी सरकार

## राज्यसभा कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार जल्द ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कमेटी का गठन करेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा में ये जानकारी दी है। कृषि मंत्री ने दोहराते हुए कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद एमएसपी पर एक समिति की घोषणा की जाएगी।



**चुनाव आयोग ने दी थी सलाह** प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न का जवाब देते हुए उन्होंने ये जानकारी दी। तोमर ने कहा कि सरकार ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर एमएसपी पर समिति की घोषणा के संबंध में चुनाव आयोग को पत्र लिखा था। चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद समिति की घोषणा करने की सलाह दी थी। तोमर ने आगे कहा, पूरा देश जानता है कि पीएम ने फसलों के विविधीकरण, प्राकृतिक खेती और एमएसपी को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की है। सरकार पीएम मोदी द्वारा की गई घोषणा के लिए प्रतिबद्ध है। मामला मंत्रालय के विचाराधीन है और समिति की घोषणा विस चुनाव के बाद की जाएगी।

**पीएम ने किया था एलानः** बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में तीन कृषि कानूनों को रद करने की घोषणा की थी। तब पीएम ने कहा था कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी के लिए किसानों की मांग पर चर्चा करने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा।

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा नीट मेडिकल परीक्षा से संबंधित विधेयक वापस करने पर राज्यसभा में जमकर नारेबाजी हुई। इसके बाद कांग्रेस, डीएमके व टीएमसी ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया।

# सुरक्षा के बीच घुटन में नहीं जीना चाहताः औवेसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एआईएमआईएम के अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश के हापुड़ में अपने ऊपर हुए हमले को लेकर लोकसभा में बयान दिया। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि देश का एक वर्ग रैडिकलाइजेशन की तरफ बढ़ रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने केंद्र की तरफ से प्रस्तावित की गई जेड सिक्योरिटी लेने से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें गोली लगती है तो कबूल होगा, लेकिन सुरक्षा के बीच घुटन में जीना नहीं।

**सरकार से क्या रही ओवैसी की अपील?:** ओवैसी ने लोकसभा में कहा, मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि इस तरह की घटना से आपको नुकसान होगा। मैं लोकसभा अध्यक्ष के जरिए सरकार को बताना चाहूंगा कि जिन लोगों ने ये रैडिकलाइजेशन किया है। उन पर आतंक–रोधी यूएपीए क्यों नहीं लगाते हैं। अगर किसी क्रिकेट मैच पर कोई पाकिस्तान की तारीफ करता है तो उस पर यूएपीए लगता है।

### सुरक्षा

■ केंद्र ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की जेड सुरक्षा प्रदान की

लेकिन सांसद पर गोली चलाने वाले पर यूएपीए नहीं लगता। एआईएमआईएम अध्यक्ष ने आगे कहा, भारत की दौलत मोहब्बत है। हम वो भारत हैं जो मोहब्बत पर आबाद है। अगर मोहब्बत के भारत की मिसाल देंगे तो जुबान देता हूं कि मैं आपके साथ हूं।

इस बीच, केंद्र सरकार ने ओवैसी की सुरक्षा की समीक्षा की है और उन्हें तत्काल प्रभाव से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड सुरक्षा प्रदान की है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है।

**दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तारः** बता दें कि ओवैसी के काफिले पर फायरिंग करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, उन्होंने पूछताछ के दौरान कहा है कि वे ओवैसी की एक विशेष धर्म के खिलाफ टिप्पणी से आहत थे।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# हिस्ट्रीशीटर्स को बाहर रखकर नई हिस्ट्री बनाने का है यह चुनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन के अंतराल पर जन चौपाल को संबोधित करने के साथ प्रदेश की सुदृढ कानून–व्यवस्था को सराहा। पीएम मोदी ने शुक्रवार को दिन में गाजियाबाद, हापुड़ मेरठ तथा अलीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, प्रत्याशी तथा नेताओं से वर्चुअल संवाद किया। इस इस दौरान वह इन सभी में जोश भी भरा। उनके साथ जन चौपाल में सीएम योगी आदित्यनाथ भी जुड़े थे।

### जन चौपाल में पीएम का समाजवादियों पर प्रहार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आजादी के बाद उत्तर प्रदेश ने अनेक चुनाव देखे हैं, यहां के लोगों ने अनेक सरकारें बनती–बिगड़ती देखी हैं। इस बार का चुनाव हिस्ट्री शीटर्स को बाहर रखने और नई हिस्ट्री बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने इस बार भी मन बना लिया है कि दंगाइयों, माफियाओं को पर्दे के पीछे रहकर के प्रदेश की सत्ता हथियाने नहीं देंगे।